प्रारूप–11

**परियोजना का नाम – जनपद बागेश्वर में प्रधानमंत्री ग्रम सडक योजना के अन्तर्गत रिखाडी वाछम मोटर मार्ग के कि0मी0 40 से कुंवारी मोटर मार्ग निंमार्ण लम्बाई 23.400 कि0मी0 का वनभूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव।**

## प्रस्तावित कार्य हेतु वनभूमि के मार्ग का पूर्ण औचित्य को दर्शाते हुए एक विस्तृत आख्या

प जनपद बागेश्वर में सूपी से हरकोट मोटर मार्ग ग्रम्य विकास विभाग देहरादून के पत्र संख्या 2491/पी 3/यू0आर0आर0डी0ए0/10 दिनांक 18.03.2010 के द्वारा 250 तक जनसंख्या वाले बसावटों को प्रधानमंत्री ग्रम सडक योजना से जोडने का प्राविधान है।

विस्तृत सर्वेक्षण के अनुसार मोटर मार्ग की वास्तविक लम्बाई 23.400 कि0मी0 आती है। मार्ग संरेखण के उपरान्त 19.084 है0 सिविल/वन पंचायत भूमि पडती है। जिसका विस्तृत विवरण संलग्न बारचार्ट के अनुसार मार्ग निमार्ण हेतु आवश्यक भूमि हस्तान्तरण का प्रस्ताव 19.084 है0 क्षेत्रफल के लिए गठित किया जाता है। उक्त गांव में यातायात की सुविधा न होने के कारण ग्रमवासियों को अत्यन्त कठिनाईयों का सामना करना पड रहा है। इसमें स्थानीय निवासियों की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। मार्ग के निमार्ण हेतु किये गये संरेखण में पडने वाली भूमि पर ग्रमवासियों की कोई आपत्ति नही है। साथ ही साथ स्थानीय लोगो द्वारा उगायी जा रही नगदी फसलों एंव फलो के विपणन हेतु नजदीकी बाजार एंव अन्य स्थानों पर लाया जा सकेगा। प्रधानमंत्री ग्रम सडक योजना के मुख्य उददेश्य गांव के अन्दर 250 तक की आबादी के गांव को यातायात सुविधा प्रदान करने का प्राविधान है। संरेखण के मध्य में धार्मिक स्थल, पौराणिक स्थल , मन्दिर, मस्जिद, कब्रस्थान नहीं पडतें है। संरेखण का भूर्गभीय निरीक्षण भूगर्भवैत्ता द्वारा किया जा चुका है। मार्ग के संरेखण में न्यूनतम वृक्षों का पातन किया जायेगा।

अतः प्रस्ताव 7.00 मीटर चौ0 में ही भूमि अधिग्रहण का प्रस्ताव गठित किया जा रहा है। मार्ग निमार्ण 6.00 मी0 चौ0 में ही की जाने के फलस्वरूप मार्ग निमार्ण हेतु न्यूनतम आवश्यक वनभूमि हस्तान्तरण का प्रस्ताव 19.084 है0 क्षेत्रफल के लिए गठित किया गया है। पातन किये जाने वाले वृक्षों की गणना नियमानुसार ही की गयी है। मार्ग निमार्ण हेतु आवश्यक न्यूनतम भूमि एंव न्यूनतम वृक्षों के पातन अनुरुप आवश्यक कार्यवाही हेतु गठित कर प्रस्तुत है।

| | | |
|---|---|---|
| कनिष्ठ अभियन्ता<br>ग्रा0नि0वि0 पी0आई0यू0–2<br>पी0एम0जी0एस0वाई0<br>क्षेत्र–कपकोट बागेश्वर। | सहायक अभियन्ता<br>ग्रा0नि0वि0 पी0आई0यू0–2<br>पी0एम0जी0एस0वाई0<br>क्षेत्र–कपकोट बागेश्वर। | अधिशासी अभियन्ता<br>ग्रा0नि0वि0 पी0आई0यू0–2<br>पी0एम0जी0एस0वाई0<br>क्षेत्र–कपकोट बागेश्वर। |